भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1213**

जिसका उत्तर सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

## साइबर धोखाधड़ी

1213. श्रीमती जून मालिया:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान साइबर धोखाधड़ियों के कारण कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और कितनी धनराशि का नुकसान हुआ है;

(ख) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान साइबर धोखाधड़ी के कितने मामले निपटाए गए हैं और कितनी राशि वसूल की गई है/बचाई गई है और पीड़ितों को लौटाई गई है;

(ग) साइबर धोखाधड़ी के लिए कौन-कौन से प्रमुख वित्तीय साधनों का उपयोग किया गया है और विगत पांच वर्षों के दौरान कितने मामलों की सूचना मिली है;

(घ) क्या आधार समर्थित भुगतान प्रणाली के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी से किसी व्यक्ति की संवेदनशील निजी जानकारी के दुरुपयोग की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) देश में आधार समर्थित भुगतान प्रणाली के प्रारंभ से लेकर अब तक किए गए वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों की संख्या और राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (ग):** देश में डिजिटल भुगतान लेनदेन में वृद्धि के साथ, विगत कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी सहित साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 (सितंबर '25 तक) के दौरान बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा रिपोर्ट की गई डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी का विवरण इस प्रकार है:

| संचालन क्षेत्र | धोखाधड़ी की संख्या | शामिल राशि (करोड़ रुपए में) | वसूल की गई राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|
| क्रेडिट कार्ड | 2,43,849 | 1447.27 | 177.78 |
| डेबिट/एटीएम कार्ड | 94,991 | 401.17 | 34.91 |
| इंटरनेट बैंकिंग | 2,42,562 | 1730.14 | 24.83 |
| यूपीआई | 457 | 2.13 | 0.05 |
| वॉलेट/प्रीपेड कार्ड | 13 | 0.02 | 0.00 |
| आईएमपीएस/एनईएफटी/आरटीजीएस | 57 | 4.80 | 0.34 |
| एईपीएस/आधार से संबंधित अन्य धोखाधड़ी | 1,346 | 1.06 | 0.76 |
| अन्य | 16 | 1.63 | 0.16 |
| कुल योग | 5,83,291 | 3588.22 | 238.83 |

**(घ) और (ङ):** आरबीआई ने सूचित किया है कि वर्ष 2016 में आरम्भ होने के पश्चात आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी को 'इंटरनेट बैंकिंग' की श्रेणी में शामिल किया गया था। तथापि, नवंबर 2024 से इस प्रकार की धोखाधड़ी 'डिजिटल भुगतान - एईपीएस/ आधार संबंधी अन्य धोखाधड़ी' श्रेणी के अंतर्गत रिपोर्ट की जा रही है। इस श्रेणी से संबंधित आंकड़े इस प्रकार हैं :

| वित्तीय वर्ष | धोखाधड़ी की संख्या | शामिल राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 2024-25 | 366 | 0.32 |
| 2025-26 | 980 | 0.74 |
| **कुल योग** | **1,346** | **1.06** |

*****